संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 07 | मेरठ, मंगलवार, 09 जून 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

# मौसम की सटीक और समय से जानकारी मिलने से जन व धन हानि बचाना हुआ संभव: योगी

**» एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौसम को सटीक व विश्वसनीय जानकारी मिलने से न केवल जन धन हानि को बचाया जा सकता है बल्कि कृषि उत्पादन भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मौसम विभाग सटीक और विश्वसनीय जानकारी दे रहा है और इससे आम लोगों को लाभ भी हो रहा है। उप्र सरकार इसे सेटेलाइन के माध्यम और बेहतर बनाने के लिए हरसंभव मदद करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को राजधानी लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के सभागार में मौसम विज्ञान के लखनऊ केन्द्र को क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र में परिवर्तित करने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रिमोट से शुभारंभ किया। इस मौके केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह व




मौसम विभाग के महानिदेशक समेत कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने प्राचीन काल में मौसम और जलवायु की गणना और अनुमान का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय ऋषि और मनीषी पंचाग से सही गणना करते थे। कई लोक कहावतों और परंपराओं से भी मौसम के बारे में सही सही जानकारी मिलती थी लेकिन अब तकनीकी युग में हमें और बेहतर जानकारियों की जरूरत होती है और पिछले 12 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। अगर आजादी के बाद से ही यह काम हुआ होता तो आज किसानों को खेती में अच्छी पैदावार मिलती और प्राकृतिक आपदों में जन धन की हानि भी कम होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जिले से लेकर ब्लाक स्तर तक वर्षा का आकलन करने के लिए उपकरण लगाए हैं ताकि फसलों को होने वाले नुकसान का आकलन किसानों की मदद की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस समय मौसम विभाग बहुत तेजी से सटीक और विश्वसनीय आंकडे दे रहा है। उन्होंने हाल ही में शाकुंभरी देवी मंदिर परिसर में आयी बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि घटना से पहले मौसम विभाग का अलर्ट आने पर सभी को सुरक्षित बचा लिया गया जबकि दो महिलाएं मना करने के बावजूद जल की ओर गयीं और उनकी मौत हो गयी।

उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश में सोनभ्रद, मीरजापुर जैसे इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने से 100 से लेकर 150 लोगों की मौतें होती थी लेकिन अब यह संख्या दर्जनभर से कम हो गयी है और यह घटनाएं भी स्थानीय स्तर पर इसलिए होती हैं कि कई बार जानकारी होने के बावजूद व्यक्ति सावधानी नहीं बरतता है। मना करने के बावजूद खुले में रहना और जानवरों की व्यवस्था करने निकल जाने से यह नुकसान होता हे। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और मौसम विभाग के संयुक्त रूप से विचार विमर्श करके काम कर रही है। अगर ऐसी सेटेलाइट की व्यवस्था हो जो सिर्फ उत्तर प्रदेश के मौसम की बिल्कुल सटीक जानकारी दे तो नुकसान को और कम किया जा सकता है और इसके लिए प्रदेश सरकार मौसम विभाग के साथ हर प्रकार से सहयोग करने के लिए तैयार है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मौसम विभाग का क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली था, लेकिन आज से लखनऊ में क्षेत्रीय कार्यालय के रूप में शुरु हो गया है। यह कार्यालय उत्तर प्रदेश ओर उत्तरखंड का काम देखेगा। उन्होंने बताया कि पिछले 12 सालों में मौसम विभाग ने इतने रडार और उपकरणों की स्थापना की है, जितने पिछले 65 सालों में स्थापित नहीं हुए।

## राजधानी के नागरिकों के लिए राहत का भरोसेमंद केंद्र बन रहे हैं कूलिंग जोन



**» एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार राजधानी में बढ़ती गर्मी और हीटवेव की चुनौती से नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए हीट एक्शन प्लान के तहत कई प्रभावी कदम उठा रही है। इसी क्रम में बाहरी-उत्तरी जिला प्रशासन ने सीड्स एनजीओ के सहयोग से बवाना में एक अभिनव और पर्यावरण-अनुकूल बांस से बना कूलिंग जोन स्थापित किया है, जो वर्तमान हीटवेव के दौरान लोगों को राहत प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में बवाना और अलीपुर में दो कूलिंग जोन संचालित हैं और नागरिकों को उनकी सेवाएं मिल रही हैं। इसके अतिरिक्त तीन और कूलिंग जोन विकसित किए जा रहे हैं, जिन पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। इनमें से एक कूलिंग जोन जिला उपायुक्त (डीसी) कार्यालय के सामने स्थापित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल के तहत पर्यावरण-अनुकूल, टिकाऊ और जलवायु-अनुकूल सार्वजनिक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कूलिंग जोन का उद्देश्य विशेष रूप से समाज के कमजोर और संवेदनशील वर्गों, निर्माण श्रमिकों, दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, ड्राइवरों, रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं और खुले में काम करने वाले अन्य नागरिकों को अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाना है। रेखा गुप्ता ने कहा कि इन कूलिंग जोन का निर्माण मुख्य रूप से बांस से किया गया है, जिससे पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है और यह एक टिकाऊ संरचना के रूप में कार्य करता है।

## इंडिया ब्लॉक में दल मिलते हैं, दिल नहीं : शहजाद

**» एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की बैठक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के दल एक मंच पर तो आ सकते हैं, लेकिन उनके दिल नहीं मिलते। आज इस गठबंधन की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि इसका कोई स्पष्ट उद्देश्य नहीं रह गया है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले शुरू हुए पोस्टर वार पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह पोस्टर उन लोगों ने लगाया है, जिन्हें कांग्रेस से दगा मिली थी। यह गठबंधन मजबूरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करने के मकसद से बनाया गया था। ऐसी स्थिति चुनाव के दौरान भी देखने को मिली थी। उन्होंने दावा किया कि इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता भी कांग्रेस से नाराज हैं। उनके अनुसार, डीएमके ने कांग्रेस को धोखेबाज पार्टी करार दिया है। आम आदमी पार्टी की भी ऐसी ही स्थिति है। वहीं, उन्होंने दावा किया कि वाम दलों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर राहुल गांधी को अपरिपक्व नेता बताया है। साथ ही, जेएमएम राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस के साथ टकराव की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि ये दल राजनीतिक रूप से साथ दिखाई दे सकते हैं, लेकिन उनके बीच वास्तविक एकता नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी तारीफ की।

## राधा रमण की पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**» एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राधा रमण की पुण्यतिथि पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में राधा रमण के पौत्र प्रभात रमन भी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में डॉ. नरेन्द्र नाथ, जगजीवन शर्मा, हाजी जरीफ, दीपक भारद्वाज, प्रमोद जयंत और अनुज आत्रेय सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक अध्यक्ष तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी शामिल रहे। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि राधा रमण स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के साथ-साथ दिल्ली के

## परिसीमन विधेयकों के खिलाफ विपक्षी दलों की बनी एकजुटता जैसी एकता की जरूरत महंगाई, संविधान जैसे मुद्दों पर भी है: खरगे

**» एजेंसी। नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक की सोमवार को संविधान क्लब में हुई अहम बैठक में केंद्र सरकार को आर्थिक, सामाजिक और विदेश नीति के मुद्दों पर घेरने की रणनीति बनाई गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने की, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनसीपी (एससीपी) सांसद सुप्रिया सुले, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत कई विपक्षी नेता मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि देश महंगाई, बेरोजगारी, परीक्षा प्रणाली में गड़बड़ियों और आर्थिक सुस्ती जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लाखों लोगों के मतदान अधिकार छीनने की कोशिश की जा रही है और संविधान पर लगातार हमला हो रहा है। खरगे ने कहा कि विपक्ष ने संसद में एकजुटता दिखाते हुए परिसीमन विधेयक समेत कई विवादित विधेयकों को पराजित किया था और अब इसी एकता को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को डराने और परेशान करने के लिए किया जा रहा है, जबकि गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नए निवेश की रफ्तार रोजगार सृजन की जरूरतों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने एमएसएमई क्षेत्र के भविष्य पर चिंता जताते हुए कहा कि निजी एकाधिकार लगातार बढ़ रहे हैं।

## वनवासी क्षेत्रों के विकास में समाजसेवियों की भूमिका महत्वपूर्ण

नई दिल्ली। भारत मंडपम में अखिल भारतीय दयानंद सेवाश्रम संघ के तत्वावधान में आयोजित वनवासी बंधु मिलन समारोह में केंद्रीय संसदीय एवं अल्पसंख्यक मंत्री किरन रिजिजु ने वनवासी क्षेत्रों के विकास में समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योग युवाओं को ऊर्जावान बनाने और उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। साथ ही उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में महर्षि दयानंद के अनुयायियों के योगदान की सराहना करते हुए शिक्षा पाठ्यक्रम में वनवासी देशभक्तों और शहीदों को उचित स्थान देने की आवश्यकता बताई। समारोह में 43वें वैचारिक क्रांति शिविर के प्रतिभाशाली युवाओं को सम्मानित किया गया। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुरेंद्र आर्य ने कहा कि आर्य समाज वनवासी क्षेत्रों में गुरुकुल, छात्रावास और बालवाड़ियों के माध्यम से युवाओं को नैतिक शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुख अवसर उपलब्ध करा रहा है।

## सम्पादकीय

# पहले आम को राहत

आज वैश्विक आर्थिक परिदृश्य तेजी से अनिश्चितता के भंवर में फंसता नजर आ रहा है। अमेरिका-इस्राइल व ईरान के बीच जारी संघर्ष से उपजा भू-राजनीतिक तनाव, ऊर्जा की कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि, बाधित व्यापार मार्ग से प्रभावित आपूर्ति शृंखला भारतीय अर्थव्यवस्था के लिये नई चुनौतियां खड़ी कर रही है। ऐसे में देश के लिये प्राथमिकता केवल विकास की गति बनाये रखना ही नहीं होनी चाहिए। सरकार का दायित्व है कि आम लोगों को महंगाई की मार से बचाने के लिये व्यावहारिक कदम भी उठाये। दरअसल, भारत के सामने केवल मध्यपूर्व में जारी संघर्ष से उपजा संकट ही नहीं है, बल्कि अंदरूनी मोर्चे पर भी कई तरह की दिक्कतें पैदा हो रही हैं। हाल ही में केंद्रीय बैंक ने देश में मानसून में कमी की आशंका जतायी है। ऐसा अल-नीनो के प्रभाव के चलते पैदा होने वाले विषम हालातों के चलते कहा गया है। जिसके चलते आगामी कुछ माह में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। ऐसे में महंगाई में कमी आने की सूरत नजर नहीं आती। देश के कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि फिलहाल सरकार की प्राथमिकता आर्थिक विकास में वृद्धि ही है। जिसके चलते आशंका जतायी जा रही है कि इससे नागरिकों पर महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। निस्संदेह, अर्थव्यवस्था में सुधार होना चाहिए, लेकिन वक्त की नजाकत को देखते हुए आम आदमी को महंगाई से राहत देना बेहद जरूरी है। अन्यथा आम लोगों का जीवन-यापन और अधिक कष्टकारी भी हो सकता है। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री मानते हैं कि सरकार आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं व महंगाई नियंत्रण के प्रयासों के बीच संतुलन साधने का प्रयास करे। लेकिन पिछले दिनों पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में कई बार की वृद्धि के बाद व्यावसायिक व घरेलू एलपीजी के दामों का बढ़ना, लोगों की चिंता बढ़ाने वाला है। जाहिर बात है कि इस वृद्धि से पहले ही महंगाई से जूझते लोगों का बजट और गड़बड़ा जाएगा। निस्संदेह, पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में वृद्धि के बाद कुकिंग गैस के दामों की वृद्धि आम आदमी का बजट बिगाड़ने वाली है। फलतः लोगों की क्रय शक्ति कम हो रही है। वहीं आर्थिकी में मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ने की आशंका है। इस उथल-पुथल भरे वैश्विक परिदृश्य में कुछ कारक देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने वाले भी हैं। देश में घरेलू मांग मजबूत है, संरचनात्मक विकास में निवेश जारी है। वहीं तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था हमारी ताकत भी है। जिससे हम एक सीमा तक वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला कर सकते हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न

## डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

» संवाददाता

बिजनौर। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती की लिखित परीक्षा सोमवार को जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। दोनों पालियों में कुल 10464 अभ्यर्थियों परीक्षा देनी थी। लेकिन 8016 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 2448 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की गई। पहली पाली में 5232 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। इसमें 4001अभ्यर्थी ने परीक्षा दी।

जबकि 1231 अभ्यर्थी ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक संपन्न हुई, दूसरी पाली में 5252 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। लेकिन 4015 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1217 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 2448 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की गहन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल फोन अथवा संदिग्ध सामग्री ले जाने पर पूर्ण



प्रतिबंध रहा। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर लगाए गए थे, जिनके माध्यम से प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी गई। परीक्षा प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। वहीं पुलिस लाइन स्थित कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की लाइव मॉनिटरिंग की गई।

सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रत्येक केंद्र पर पुलिस बल, मजिस्ट्रेट एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई थी। डीएम जसजीत कौर, एसपी अभिषेक झा ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर परीक्षा ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षक व सेक्टर मजिस्ट्रेट से जानकारी ली। उन्होंने सीसीटीवी कैमरो को भी चेक किया। परीक्षा नोडल अधिकारी एसपी देहात प्रकाश कुमार ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की गई। प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन से लेकर परीक्षा समाप्त होने तक प्रत्येक गतिविधि पर विशेष नजर रखी गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा दोनों पालियों में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। तीन एडिशनल एसपी, छह सीओ, पांच थाना प्रभारी, 10 इंस्पेक्टर, 12 दरोगा, पांच महिला दरोगा सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

# जिलाधिकारी ने बड़ौत तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया



» संवाददाता

बड़ौत। सोमवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने तहसील, उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। जिसमें लंबे समय से लंबित मुकदमों को शीघ्रता से निस्तारण करने की निर्देश दिए। डीएम अस्मिता लाल द्वारा तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में रखी फाइलों का अवलोकन किया। लंबे समय से चल रहे मुकदमों पर उन्होंने नाराजगी जताई। कहा कि कोर्ट को ज्यादा से ज्यादा संचालन किया जाए, जिससे पुराने समय से चले आ रहे मामलों का निस्तारण किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय में रखरखाव के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम भावना सिंह के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# सपाइयों का प्रदर्शन, पुलिस के रोकने पर नोकझोंक

» संवाददाता

बुलंदशहर। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता महंगाई, कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं तथा अन्य जनहित के मुद्दों को लेकर सोमवार को जिलाध्यक्ष मतलूब अली के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन करने जा रहे थे। पुलिस ने जिला कार्यालय से कुछ दूरी पर बैरियर लगाकर सपाइयों को रोकने का प्रयास किया। इसको लेकर सपाई और पुलिसकर्मियों में काफी नोकझोंक हुई। बाद में सपाइयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को दिया। सपा जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान समय में महंगाई, बेरोजगारी, अपराध, भ्रष्टाचार, बिजली संकट एवं प्रशासनिक अव्यवस्थाओं से त्रस्त है। लगातार बढ़ती महंगाई के कारण आम नागरिकों का जीवन कठिन हो गया है तथा युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ज्ञापन में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाओं पर रोक लगाने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, रिक्त सरकारी पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करने तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग की गई। रसोई गैस, पेट्रोल, डीजल एवं आवश्यक खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण करने की भी मांग उठाई गई। किसानों को पर्याप्त बिजली, खाद, बीज एवं सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने, फसलों का उचित समर्थन मूल्य सुनिश्चित करने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने की मांग की। संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने किया। एमएलसी जितेन्द्र यादव, हाजी अख्तर, महेन्द्र वाल्मीकि, होशियार सिंह, बंशी पहाड़िया, कोमल गुर्जर, भारत सिंह गुर्जर, विनय शर्मा, मनीष शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

### नगर पालिका में पर्यावरण सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

» संवाददाता

बड़ौत। नगर पालिका परिसर में सोमवार को पर्यावरण सुरक्षा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एलएडीसी संजय गौड़ एडवोकेट, अधिशासी अधिकारी मनोज रस्तोगी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सफाई नायक, सुनहरा कल मिशन पदाधिकारी मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय गौड़ एडवोकेट ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने ठोस अपशिष्ट को प्रयोग में लाने पर बल दिया।

### खाद न मिलने पर किसानों ने दिया धरना

बिनौली। बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बिनौली परिसर में सोमवार को किसान एकता केंद्र संगठन के तत्वावधान में खाद की कमी के समाधान के लिए कई गांवों के किसानों ने कई घंटे धरना दिया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि सरकार और प्रशासन द्वारा पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने के दावों के बावजूद किसानों को लंबी लाइनों में लगने को मजबूर होना पड़ रहा हैं। किसानों को आवश्यकता के अनुरूप खाद नहीं मिल पा रही है।

### फिट इंडिया किड नेशनल गेम्स में गुलाब

खेकड़ा। कस्बे की शहीद भगत सिंह अकादमी के खिलाडियों ने सोनीपत में आयोजित फिट इंडिया किड नेशनल गेम्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ी गुलाब और आर्यन चैम्पियन बने, जबकि आहान और आरोही ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की रनिंग स्पर्धा में आर्यन ने प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं करण ने दूसरा, परी ने तीसरा और खुश ने चौथा स्थान प्राप्त किया।

# बिजनौर माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष बने गोविंद गोपाल लड्ढा

» संवाददाता

नजीबाबाद। बिजनौर माहेश्वरी सभा का त्रिवर्षीय चुनाव रविवार को नजीबाबाद स्थित एक रिसोर्ट में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी अनुपम माहेश्वरी तथा सहायक चुनाव अधिकारी अजय रंधर के निर्देशन में संपन्न कराई गई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में अभय माहेश्वरी एडवोकेट एवं सहायक चुनाव अधिकारी रघुवंश राठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप डेजी माहेश्वरी ने किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अखिल डागा की भूमिका भी चुनाव प्रक्रिया में महत्वपूर्ण रही। चुनाव में आगामी तीन वर्षों के लिए कोटद्वार निवासी गोविंद गोपाल लड्ढा को जिला अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा विपिन लाहोटी (नजीबाबाद) एवं संजीव लाहोटी (नगीना) को उपाध्यक्ष, विनीत माहेश्वरी (अफजलगढ़) को सचिव, सचिन माहेश्वरी (कोटद्वार) एवं नवनीत माहेश्वरी (दारा नगर गंज) को संयुक्त सचिव, कुलभूषण माहेश्वरी (धामपुर) को कोषाध्यक्ष, मनोज माहेश्वरी (धामपुर) को संगठन मंत्री तथा प्रदीप डेजी माहेश्वरी (नजीबाबाद) को प्रचार मंत्री चुना गया। कार्य समिति के लिए अजय माहेश्वरी (चांदपुर), विजय कुमार माहेश्वरी (कोटद्वार), राजदीप माहेश्वरी (कोटद्वार), मोहित माहेश्वरी (नजीबाबाद), अजय माहेश्वरी एडवोकेट (नगीना), संदीप माहेश्वरी (अफजलगढ़), अभिनंदन माहेश्वरी (धामपुर), गौरव माहेश्वरी (गंज), सुशील माहेश्वरी (मोहम्मदपुर देवमल), एकांश माहेश्वरी एवं श्याम झंवर (बिजनौर) को सदस्य चुना गया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा कार्य समिति के सदस्य के रूप में शिवकुमार माहेश्वरी एवं विपिन लाहोटी का चयन हुआ। पूर्व जिलाध्यक्ष शिवकुमार माहेश्वरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष गोविंद गोपाल लड्ढा सहित पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए आगामी तीन वर्षों में माहेश्वरी समाज को और अधिक संगठित करने तथा समाजसेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

# भाजपा सरकार ने बनाया महिलाओं को आत्मनिर्भर

» संवाददाता

बुलंदशहर। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अंतुल तेवतिया ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 12 सालों में भाजपा के राज में देश ने खूब तरक्की की है। युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर सरकार का फोकस रहा है और इसी कारण महिलाओं को अब बराबरी का दर्जा दिया जा रहा है। समाज के वंचित वर्ग को लाभान्वित करने के लिए जमीन पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

राज्य आजीविका मिशन के उपायुक्त स्वत रोजगार सूबेदार सिंह ने कहा जिले के सभी गांवों में समूहों के माध्यम से महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा रहा है। समूह की ओर से स्थायी आजीविका का कार्य किया जा रहा है। डीडीओ रिजवान हुसैन ने शासन की विविध योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में महिलाओं के उत्थान के लिए हमेशा कार्य किए जाते रहेंगे। उपायुक्त वीबी राम जी मनरेगा गोपाल कृष्ण चौधरी, डीपीआरओ नवीन कुमार मिश्रा, डीएसओ अभय कुमार सिंह ने भी सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंप कर टूल किट दिए गए। एनआरएलएम की लखपति दीदी प्रियंका, पूजा, प्रीति, नीरज देवी और मोनिका आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनीष कुमार जैन ने किया।

# शिक्षकों ने प्राकृतिक संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया

## आओ धरती को स्वच्छ और हरा भरा बनाये - डॉ. त्रिवेणी दत्त कुलपति

» संवाददाता

मेरठ। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आज कुलपति डॉ त्रिवेणीदत्त के दिशानिर्देशों में रजत जयंती बन की शुरुआत की गई। इस अवसर पर, विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने अपने नाम की पट्टिका के साथ एक वृक्ष लगाया देश के सभी विश्वविद्यालयों में कृषि विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जहां पर शिक्षकों तथा कर्मचारियों के द्वारा एक वृक्ष लगाया जायेगा और उसके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। कुलपति डॉ त्रिवेणीदत्त ने भी इस अवसर पर वृक्ष लगाया। रजत जयंती वन में विभिन्न प्रजातियों के फलदार वृक्षों को लगाया गया है, जिससे भविष्य में फल भी लोगों के लिए उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, वायु एवं जल प्रदूषण बन कटाई, जैव विविधता में कमी




तथाइस अवसर पर संबोधित करते हुए कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, वायु एवं जल प्रदूषण वन कटाई, जैव विविधता में कमी तथा प्लास्टिक कचरे जैसी समस्याएं पूरी दुनिया के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभरी हैं। इन समस्याओं का प्रभाव केवल प्रकृति तक सीमित नहीं है बल्कि मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधनों और आर्थिक विकास पर भी पड़ रहा है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक कदम है कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने बताया कि शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में 11 तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से प्रकृति संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा लिया जाएगा। कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। सामूहिक प्रयासों जागरूकता और सतत विकास की सोच के माध्यम से ही हम एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प ही विश्व पर्यावरण दिवस की वास्तविक सार्थकता साबित करेगा। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ वीपी सिंह, वित्त नियंत्रक पंकज चतुर्वेदी, निदेशक प्रसार डॉ सत्येंद्र खारी, निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट, डॉ आरएस सेंगर, अधिष्ठाता डॉ विवेक डॉ रविन्द्र कुमार, डॉ बिजेन्द्र सिंह, डॉ जयवीर सिंह डॉ टीएस सरकार, डॉ लोकेश गंगवार, डॉ यूपी शाही, डॉ सत्यप्रकाश, डॉपीके सिंह डॉ डीके सिंह, डॉ रश्मि अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ डीके सिंह आदि विश्वविद्यालय के 195 शिक्षकों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया।

## ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन

» संवाददाता

मेरठ। गुफ्तगू और हम फाउंडेशन की ओर से एक शाम एकता के नाम के मौके पर शायर जश्न-ए-फखरी मेरठी पर एक ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन हजरत बाले मियां मजार मेला नौचंदी में किया गया। शायर-ए-ऐजीजी के तौर पर खुर्शीद हैदर एवं निकहत अमरोहवी को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि सपा प्रदेश सचिव विपिन चौधरी एवं जिला अध्यक्ष भाकियू किसान अनस ठाकुर रहे। पूर्व विधायक मुरादनगर वहाब चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाकियू मांगे राम त्यागी ने शमा रोशन की। अति विशिष्ट अतिथि आज़ाद समाज पार्टी के पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव निजम चौधरी एवं थाना प्रभारी नौचंदी अनूप कुमार सिंह रहे। वाजिद मेरठी ने कलाम पेश करते हुए कहा कि अरमान सियासत का निकलने नहीं देंगे, ये फूल मुहब्बत का मसलने नहीं देंगे, हम मिल के कसम खाएं चलो आज ये वाजिद कुछ भी हो मगर मुल्क को जलने नहीं देंगे। परवाना मेरठी ने मुनसलिक होने नहीं देता हर इक दरबार से हम तो आजिज़ आ चुके हैं इस दिल ए ख़ुद्दार से अपना कलाम पेश करके श्रोताओं को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दाद देने को मजबूर कर दिया।

# खिलाड़ियों की उपलब्धियां बढ़ा रही मानः डॉ. सोमेंद्र



» संवाददाता

मेरठ। प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी यशवर्धन त्यागी ने 29 मई से 2 जून तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय आर्म रैसलिंग एवं पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। यशवर्धन त्यागी के मेरठ आगमन पर सोमवार को उनका भव्य स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेंद्र तोमर और पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने खिलाड़ी को मेडल पहनाकर, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यशवर्धन जैसे युवा ही देश का भविष्य हैं। अपनी मेहनत और लगन से इन्होंने सिद्ध कर दिया कि मेरठ की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आगामी एशियाई आर्म रैसलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यशवर्धन को अग्रिम शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देगी। पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने भी यशवर्धन की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि यशवर्धन ने पूरे समाज एवं मेरठ का नाम रोशन किया है।

## उद्योग संवाद में कारोबारियों ने रखीं अपनी समस्याएं

» संवाददाता

मेरठ। मेजर ध्यानचंद नगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से सोमवार को उद्योग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें कारोबारियों ने जीएसटी से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक और तकनीकी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने अधिकांश मामलों में मौके पर ही समाधान बताया और अन्य समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पुंडीर ने कहा कि उद्योगों और विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने के उद्देश्य से संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम उद्योगों और व्यापारियों के लिए लाभकारी साबित होते हैं तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलती है। ज्वाइंट कमिश्नर राम सिंह, एडिशनल कमिश्नर हरिराम चौरसिया, डिप्टी कमिश्नर सचिन कुमार, डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह, डिप्टी कमिश्नर योगेश सिंह तथा असिस्टेंट कमिश्नर अरविंद यादव ने कारोबारियों को जीएसटी से संबंधित विभिन्न नियमों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम में महामंत्री विक्रांत गोयल, उपाध्यक्ष दिनेश जैन, सुमित ग्रोवर, मनोज वाधवा, सुनील अरोड़ा, सुधीर पाठक, पंकज जैन, दीपक, राहुल गुप्ता, विकास जैन, अतुल्येश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गुरु हरिगोबिंद साहिब का गुरु गद्दी पर्व मनाया

» संवाददाता

मेरठ। छठे सिख गुरु हरिगोबिंद साहिब का गुरु गद्दी पर्व सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रचार सोसाइटी द्वारा गुरुमुखी कक्षा के बच्चों का विशेष कार्यक्रम केंद्रीय सिख संस्था गुरु सिंह सभा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अरजन काया पलट के भरत हरिगोबिंद सवारी सहित विभिन्न शबदों का मधुर स्वर में सामूहिक गायन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। साथ ही गुरु साहिब के गौरवशाली इतिहास का भी वर्णन किया गया। मुख्य सेवादार सरदार रणजीत सिंह जस्सल ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि पंचम गुरु गुरु अर्जन देव ने शहीदी के लिए लाहौर प्रस्थान करने से पूर्व गुरु हरिगोबिंद साहिब को गुरुगद्दी सौंपते हुए अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने का संदेश दिया था। उन्होंने बताया कि गुरु हरिगोबिंद साहिब ने दो कृपाणें धारण कीं, जिनमें एक 'मीरी' और दूसरी 'पीरी' का प्रतीक थी। सरदार जस्सल ने जानकारी दी कि आगामी 18 जून को सिख समुदाय पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी का महान शहीदी दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाएगा। पंजाबी शिक्षिकाओं सुरजीत कौर एवं इवलीन कौर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में जसवंत सिंह, रणजीत कौर, गुरप्रताप सिंह, मेहरमत कौर, अवजोत सिंह, अश्पीत कौर, जोत सरूप सिंह, तुमनप्रीत सिंह, जसमीत कौर और सिमरत कौर उपस्थित रही।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

मेरठ। भारतीय किसान यूनियन धनसिंह कोतवाल ने सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक चपराना ने कहा कि आवास-विकास नई टाउनशिप के लिए नरहाडा, सलेमपुर, जाहिदपुर समेत 12 गांवों की जमीन का अधिग्रहण कर रहा है, लेकिन एक साल से प्रक्रिया लंबित है। यूरिया और डीएपी की समस्या को दूर किया जाए। निःशुल्क मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। नितेश पंवार, हर्ष जाटव, पाटू तोमर, हैप्पी गाजी, मटरू पहलवान, कुलदीप भड़ाना, जतिन सिरोही, भारत भड़ाना, निशांत मोरल, प्रशान्त कसाना, दुष्यंत सिंह, दीपक गुर्जर मौजूद रहे।

## चिराग शर्मा जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयनित

» संवाददाता

मेरठ। युवा निशानेबाज चिराग शर्मा ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेरठ का नाम रोशन किया है। चिराग शर्मा का चयन जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता 16 से 26 जून तक जर्मनी के सुहल में आयोजित होगी। चिराग 18 जून को 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ग्राम कलीना निवासी चिराग शर्मा के पिता अमरदीप शर्मा किसान है। चिराग मेरठ शूटिंग एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। चिराग शर्मा ने इससे पहले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप 2026 में स्वर्ण जीता था। इसके अलावा चिराग शर्मा ने वंशिका चौधरी के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इसी प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक भी जीता था। एकेडमी संस्थापक एवं कोच अभिनव चौहान ने बताया कि चिराग ने लगातार मेहनत और शानदार प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। चिराग ने 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत पदक जीता। 68वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में टीम इवेंट में कांस्य जीतकर टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। वर्ष 2026 में एशियन चैंपियनशिप में जूनियर टीम के साथ स्वर्ण जीता।

# श्री श्याम संकीर्तन में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम

» संवाददाता

मेरठ। नौचंदी मेले की सोमवार रात उस समय श्याममय हो उठी जब श्रद्धालु एक स्वर में हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा का उद्घोष करते नजर आए। श्री खाटू श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट जागृति विहार द्वारा आयोजित 851वें भव्य श्री श्याम संकीर्तन में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत संगम देखने को मिला। कोलकाता के पुष्पों एवं दिल्ली में निर्मित भव्य मालाओं से सजे बाबा के दिव्य दरबार ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुल्तान नगर मंदिर के अनिल गोल्डी, आलोक सिसोदिया, नरेंद्र राष्ट्रवादी एवं नासिर सैफी



द्वारा ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक अनिल गोयल ने राजस्थान स्थित खाटूधाम की तर्ज पर गुरु महाराज आलू सिंह के भजनों के माध्यम से बाबा का आह्वान किया। उन्होंने लो आ गया खाटू वाला तथा जलती रहे खाटू वाले ज्योति तेरी जलती रहे जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। दिल्ली से पधारी भजन गायिका शुभिता तिवारी ने तो कहूं बजाए ढोल बाबा मेरा है भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मेरठ के अक्षित वशिष्ठ, हापुड़ के मयंक शर्मा ने जब कोई ना संभाले, श्याम संभालता है, ऐश्वर्य वर्मा ने हारा हूं बाबा, मुझे तुझ पे भरोसा है तथा मेला नौचंदी जाऊंगी सखी री, मैं तो मेला नौचंदी जाऊंगी जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन गायक कार्तिक शर्मा ने मेरा श्याम दीवाना हो गया नौचंदी के मेले में तथा मैंने पराठा खिलाया, वो चूरमा खाना भूल गया मेरठ के मेले में प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। इसके अतिरिक्त भोला निराला एवं नीरज सांवरिया ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। समिति की ओर से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

## कैंट विधायक ने पांच करोड़ के कार्यों का किया शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने सोमवार को मेरठ कैंट विधानसभा में करीब 5.35 करोड़ के कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि पीडब्लूडी की ओर से आसिफाबाद से गेसूपुर जाने वाले मार्ग पर आबू नाला प्रथम पर ग्राम रैसना राली चौहान में पुल के नवनिर्माण कार्य 2.03 करोड़ व परीक्षितगढ़-आसिफाबाद प्रमुख जिला मार्ग के सात किमी में बॉक्स कलवर्ट के निर्माण कार्य लगभग 3.30 करोड़ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर साथ में मंडल अध्यक्ष विजय सोनकर, नामित पार्षद चतर सैन मित्तल, पार्षद अजय चंद्रा, भारत शर्मा, आनंद जाटव, रघुबीर सिंह, लोकेश रैसना, शुभम, आरपी नौटियाल, राजदीप गुप्ता मौजूद रहे।



## हत्या के आरोप में चार युवक गिरफ्तार

» एजेंसी। जींद

गढ़ी थाना पुलिस ने रंजिश के चलते हत्या के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गढ़ी थाना प्रभारी उप निरीक्षक दिलबाग सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि धमतान साहिब पुलिस चौकी में सूचना मिली थी कि गांव ढाबी टेक सिंह निवासी विकास को झगड़े में लगी चोटों के कारण नागरिक अस्पताल नरवाना से रेफर कर मेडिकल कॉलेज अग्रोहा ले जाया गया है। सूचना पर पुलिस अग्रोहा पहुंची तो वहां घायल के पिता सुदेश ने बताया कि उसका लड़का विकास एक जून को उसके साथी कमल के साथ मोटरसाइकिल पर अपने गांव ढाबी टेकसिंह आ रहा था। तभी धमतान से भुलन रोड पर उनकी मोटरसाइकिल को एक गाड़ी से टक्कर मार कर गिरा दिया गया तथा गाड़ी से उतरे दो-तीन लड़कों व मोटरसाइकिलों पर आए चार-पांच अन्य लड़कों ने विकास को चोटें मारीं। अघायल विकास को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज अग्रोहा रेफर कर दिया।

# पौधे लगाकर पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प

## विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्थाओं, स्कूलों, एनजीओ व कंपनियों में हुए कार्यक्रम

» एजेंसी। गुरुग्राम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में पौधरोपण समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। अलग-अलग संस्थाओं, स्कूलों, एनजीओ व कंपनियों की ओर से ये आयोजन हुए। इस दौरान लोगों ने बढ़-चढ़कर पौधरोपण किया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।

सेक्टर-31 स्थित पॉलीक्लिनिक परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमओ डॉ. लोकवीर ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। सेक्टर 102 स्थित इमार इंपीरियल गार्डन्स सोसाइटी में महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेक्टर-102 स्थित जॉयविले सोसाइटी में भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोसाइटी के निवासियों ने सोसाइटी के ग्रीन एरिया में साफ-सफाई, पौधरोपण अभियान और अन्य पेड़-पौधों को पानी



डाला। हरिमंदिर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरिमंदिर के अधिष्ठाता डॉ. ओम आनंद ने लोगों को पौधे बांटे और अपील की कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर धरती मां का कर्ज अदा करने का प्रयास करे।

सेक्टर-22 स्थित एम्बिएंस क्रिएशंस ने पौधरोपण किया। एम्बिएंस ग्रुप के डायरेक्टर अर्जुन गहलोत ने कहा कि सीएसआर के तहत पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। एपीजे ग्रुप ने अतुल कटारिया चौक पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया। मैनेजिंग डायरेक्टर मितुल जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण कंपनी की कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के गुरुग्राम कैंपस में पौधारोपण अभियान चलाया गया। लक्ष्मण विहार में महिला शक्ति मंच और शहीद यादगार मंच की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया गया और लोगों को पौधे बांटे गए।

इग्नाइट इंडिया फाउंडेशन ने शुक्रवार को गुरुग्राम में महाअभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल की है। रूट्स फाउंडेशन की ओर से व्यापार मंडल के सहयोग से सदर बाजार में सेहतगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिग्नेचर ग्लोबल की ओर से सेक्टर-88 में नवादा फतेहपुर गांव के क्रिकेट स्टेडियम में पौधारोपण किया गया। ओरिस ग्रुप की ओर से भी शुक्रवार को अपनी अलग-अलग साइटों पर लगभग 500 पौधे लगाए गए। क्रेडाई हरियाणा ने अरावली इलाके में पौधरोपण किया। इस दौरान क्रेडाई हरियाणा के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल और उपाध्यक्ष पंकज सिंगला भी मौजूद रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ट्री मैन के नाम प्रसिद्ध डॉ. दीपक रमेश गौड़ की ओर से पर्यावरण संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा की शुरुआत सुबह 5 बजे से हुई, जब डॉ. गौड़ ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदा से प्राप्त ब्राह्मी के पौधे वितरित किए।

## समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

» एजेंसी। नूंह

लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। शिविर में परिवार पहचान पत्र, आय संबंधी त्रुटियां, नालों की सफाई, अवैध कब्जे, पेंशन, जल आपूर्ति और राजस्व मामलों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिला और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों को एक ही स्थान पर शिकायतों के समाधान की सुविधा मिल रही है।

## खेलो इंडिया लघु केंद्र के लिए 10 जून तक करें आवेदन

» एजेंसी। नूंह

जिले में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए खेलो इंडिया लघु केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के तहत पात्र संस्थाओं और पूर्व खिलाड़ियों से आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक आवेदक निर्धारित आवेदन पत्र जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम कार्यालय, नूंह से प्राप्त कर सकते हैं।

# ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में आधुनिक एस्पिरेशनल टॉयलेट का उद्घाटन

» एजेंसी। पलवल

ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में 30 लाख रुपये की लागत से बने आधुनिक एस्पिरेशनल टॉयलेट का सोमवार को उद्घाटन किया गया। इस सुविधा से पार्क में आने वाले लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। महिलाओं, पुरुषों, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाओं के साथ इसे समावेशी शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने नगर परिषद पलवल के वार्ड नंबर-12 स्थित ताऊ देवीलाल टाउन पार्क में इस आधुनिक सार्वजनिक सुविधा का उद्घाटन किया। यह परियोजना भारत सरकार और हरियाणा सरकार के संयुक्त वित्तीय सहयोग से



स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत तैयार की गई है।

इसका निर्माण आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है। उद्घाटन के दौरान गौरव गौतम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल शौचालयों का निर्माण करना नहीं, बल्कि ऐसी सुविधाएं विकसित करना है जो स्वच्छता, सुरक्षा, सुविधा और सम्मान के उच्च मानकों पर खरी उतरें। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर समुदाय और दिव्यांगजनों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इस परिसर को तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि परिसर में पुरुषों, महिलाओं, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं।

## पचास लाख की हेरोइन पकड़ी, तीन तस्कर गिरफ्तार

» एजेंसी। सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिला क्षेत्र से तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तस्करों के कब्जे से करीब 50 लाख रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने सोमवार को बताया कि सीआईए पुलिस टीम गश्त के दौरान खाजाखेड़ा रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान एक कार आती दिखाई दी कार चालक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर आरोपी बिहार के मधुबनी निवासी पुनीत उसके भाई साहिल व विकेश काबू कर लिया। कार की तलाशी लेने पर 270 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हेरोइन भट्ठू क्षेत्र से लेकर आया थे और उसे सिरसा व आपसाप के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में थे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची होगी और अधिक शुद्ध व पारदर्शी : सुशील

» एजेंसी। कैथल

पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एडीसी सुशील कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल पात्र मतदाताओं के नाम ही मतदाता सूची में दर्ज हों तथा प्रत्येक योग्य नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। एडीसी सुशील कुमार सोमवार को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बारे में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन किया जाएगा। इस दौरान मृत मतदाताओं के नाम हटाने, दोहरी प्रविष्टियों को समाप्त करने, स्थानांतरित मतदाताओं के रिकॉर्ड को अपडेट करने तथा नए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में कुल 184 मतदान केंद्र हैं। कुल 1 लाख 94 हजार 11 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 1 लाख 57 हजार 227 मतदाताओं की मैपिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। शेष मतदाताओं का सत्यापन कार्य जारी है। सुशील कुमार ने बताया कि 14 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बाद 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को दो प्रपत्र देंगे, जिन्हें मतदाता द्वारा भरा जाएगा। सभी मतदाता अपने दो पासपोर्ट साइज फोटो जरूर साथ रखें। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने या अन्य त्रुटियों को समय रहते दूर किया जा सके।

## पेयजल का दुरुपयोग करने पर 48 लोगों को दिए गए नोटिस

» एजेंसी। फरीदाबाद

जल जीवन मिशन के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा गर्मी के मौसम में प्रत्येक घर तक पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को बल्लभगढ़ ब्लॉक के भनकपुर, सिकरोना एवं करनेरा गांवों तथा तिगांव ब्लॉक के मंझावली गांव में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पेयजल को व्यर्थ बहाने, पेयजल से सब्जियां एवं हरा चारा उगाने तथा जल का दुरुपयोग करने वाले लोगों की पहचान कर कुल 48 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए। साथ ही उन्हें भविष्य में पेयजल का दुरुपयोग न करने की चेतावनी दी गई। बल्लभगढ़ ब्लॉक के भनकपुर, सिकरोना एवं करनेरा गांवों में बीआरसी सुमन रानी एवं बिल वितरक प्रदीप द्वारा नोटिस वितरित किए गए, जबकि तिगांव ब्लॉक के मंझावली गांव में बीआरसी सुमन लता द्वारा कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पेयजल के उचित उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया।

# आर्य नगर की गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

» एजेंसी। बल्लभगढ़

आर्य नगर में 13 गलियों के निर्माण कार्य का सोमवार को शुभारंभ किया गया। करीब 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरएमसी सड़कें क्षेत्रवासियों को टूटी गलियों और जलभराव की समस्या से राहत देंगी। सीवर और पेयजल लाइन का काम पूरा होने के बाद शुरू हुए इस निर्माण कार्य से इलाके की आधारभूत सुविधाएं और मजबूत होंगी। वार्ड-42 स्थित आर्य नगर में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने नारियल फोड़कर कार्य की शुरुआत कराई। निर्माण कार्य नगर निगम की ग्रांट से कराया जाएगा। विधायक मूलचंद शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में सड़क निर्माण शुरू करने से पहले सीवर और पेयजल लाइन बिछाने का कार्य पूरा कराया गया है। इस कार्य पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों को विधानसभा चुनाव से पहले मंजूरी मिल चुकी थी, लेकिन चुनाव प्रक्रिया के चलते काम शुरू नहीं हो पाया था। चुनाव के बाद पहले भूमिगत सुविधाओं का काम पूरा कराया गया और अब गलियों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि आर्य नगर में लंबे समय से जलभराव और खराब गलियों की समस्या बनी हुई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य कराए गए हैं। अधिकांश जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं और शेष कार्य भी जल्द पूरे किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि बल्लभगढ़ में कई बड़ी विकास परियोजनाओं पर भी काम चल रहा है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844